**Series : RKM/1**

**Code No. 4/1/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# HINDI
# हिन्दी
## (Course B)
## (पाठ्यक्रम ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 Hours* — *Maximum Marks: 100*

***निर्देश :***

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं — क, ख, ग और घ।

(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड - क

**1.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में संधि कीजिए : **2**

अति + अधिक, लोक + आचार, एक + एक ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का संधि-विच्छेद कीजिए : **2**

नवोदित, कृतार्थ, प्रत्येक ।

2. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पदों का विग्रह कीजिए और समास का भेद भी लिखिए : **2**

प्रतिदिन, सेनापति, गुणदोष।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समस्त पद बनाइए और समास का नाम भी लिखिए : **2**

कुल की परंपरा, विशाल है काया जिसकी, पाँच वटों का समूह।

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) हमारे विद्यालय में स्वतंत्रता-दिवस समारोह उल्लास से मनाया गया।

(रेखांकित में से किन्हीं **दो** के पद-भेद लिखिए) **2**

(ख) (i) अभिनेता, जननी। (लिंग बदलकर लिखिए) **1**

(ii) फूल तोड़ता बच्चा माली को आता देखकर भागा।

(रेखांकित को बहुवचन में बदलकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए) **1**

(iii) उनका हृदय बहुत पवित्र है। (रेखांकित का कारक लिखिए) **1**

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** में वाच्य-परिवर्तन कीजिए : **2**

(i) मैंने खाना खा लिया है। (कर्मवाच्य में)

(ii) वह चल नहीं पाता। (भाववाच्य में)

(iii) मेरे द्वारा समाचार सुने गए। (कर्तृवाच्य में)

4. (क) रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए : **2**

(i) यदि मैं नहीं आया होता तो उससे मुलाकात नहीं होती।

(ii) वे रोज़ पार्क में टहलने जाते हैं।

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए : **2**

(i) मधुर वचन सबको अच्छे लगते हैं।

(ii) मेरी बात ध्यान से सुनिए।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए :

(i) लड़का गाँव गया। वहाँ बीमार हो गया। (एक सरल वाक्य में) **1**

(ii) छात्र स्कूल से घर आया। वह खेलने चला गया। (मिश्र वाक्य में) **1**

(घ) वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए :

(i) रोगी को काटकर सेब खिलाओ। **1**

(ii) हम उसको कई बार देखे हैं। **1**

(ङ) उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए : **2**

अरे तुम यहीं हो तुम्हारी तो घर पर प्रतीक्षा हो रही है जल्दी पहुँचो शिक्षक ने छात्र से कहा

## खण्ड ख

**5.** संकेत-बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी **एक** पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **7**

(क) **पुस्तक मेला**

(i) आयोजन और व्यवस्था - कब, कहाँ

(ii) प्रमुख आकर्षण, भीड़भाड़

(iii) मेले में प्रकाशक, लेखक और पाठकों की विचारगोष्ठी

(iv) मेरी रुचि के पंडाल

(v) मेरी रुचि की पुस्तकें

(ख) **जहाँ सुमति तहँ सम्पत्ति नाना**

(i) कथन का तात्पर्य

(ii) एकता और समृद्धि की मार्गदर्शिका

(iii) ज्ञान की राह

(iv) कुमति से हानियाँ

(v) सुमति से विकास और प्रगति

**6.** खेल का सामान बेचने वाली कंपनी 'स्पोर्ट्स इंटरनेशनल' से आपने जो सामान मँगाया था, वह घटिया स्तर का और महँगा भेजा गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक को इसकी शिकायत करते हुए पत्र लिखिए। **8**

**अथवा**

आपके मित्र का बनाया हुआ मॉडल अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान-मेले के लिए चुना गया है। उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

## खण्ड - ग

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

दूसरों को स्नेह देना और उनका सम्मान करना सामाजिक सफलता का एकमात्र मंत्र है। जीवन में सुख-शांति और उन्नति चाहने वाले प्रत्येक महत्त्वाकांक्षी को सबसे पहले यही सीख धारण करनी चाहिए। महाभारत के ज्येष्ठ पांडव युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में कृष्ण ने लोगों के स्वागत की जिम्मेदारी ली और बदले में वे उस यज्ञ के सर्वाधिक पूज्य व्यक्ति माने गए। ईसा मसीह, गौतम बुद्ध, महावीर तथा महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों में रंच मात्र भी अभिमान न था। उन्होंने सदैव दूसरों को महत्त्व दिया और इस तरह से वे स्वयं महान बन गए। मान-सम्मान का मूल्य चुकाना असंभव है। बिना मान-सम्मान के यदि अमृत भी मिले तो विष बन जाता है और मानपूर्वक दिया गया विष भी अमृत बन जाता है। विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ यही है कि वह गुरु के प्रति सच्चे सम्मान का भाव अपने हृदय में पैदा करे, अन्यथा उसकी सारी विद्या निष्फल हो जाएगी।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। **1**

(ii) महत्त्वाकांक्षी को कौन-सी सीख ग्रहण करनी चाहिए ? **1**

(iii) स्वयं महान बनने के लिए क्या करना अपेक्षित है ? **1**

(iv) विद्या की सफलता के लिए विद्यार्थी को क्या करना चाहिए ? **1**

(v) युधिष्ठिर के यज्ञ का उदाहरण क्यों दिया गया है ? **1**

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

फैली खेतों में दूर तलक,
मखमल-सी कोमल हरियाली।
लिपटी जिससे रवि की किरणें
चाँदी की-सी उजली जाली।।

रोमांचित-सी लगती वसुधा,
आई जौ-गेहूँ में बाली।
अरहर-सनई की सोने की
किंकिणियाँ हैं शोभाशाली।।

अब रजत स्वर्ण-मंजरियों से,
लद गई आम्र-तरु की डाली।
झर रहे ढाक, पीपल के दल,
हो उठी कोकिला मतवाली।।

बगिया के छोटे पेड़ों पर
सुंदर लगते छोटे छाजन।
सुंदर गेहूँ की बालों पर
मोती के दानों से हिमकन।।

(i) इस कविता में किसकी शोभा का वर्णन है ? **1**

(ii) किन बातों से पृथ्वी के रोमांचित होने का पता चलता है ? **1**

(iii) किन पंक्तियों में वसंत ऋतु के आने की बात कही गई है ? **1**

(iv) गेहूँ की बालों पर पड़ी ओस की तुलना किससे की गई है ? **1**

(v) वसुधा के रोमांचित-सी दिखाई पड़ने का क्या कारण है ? **1**

## खण्ड - घ

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2+2+2=6**

कविता के मर्मज्ञ और रसिक स्वयं कवि से अधिक महान होते हैं। संगीत के पागल सुनने वाले ही स्वयं संगीतकार से अधिक संगीत का रसास्वादन करते हैं। यहाँ पूज्य नहीं, पुजारी ही श्रेष्ठ है। यहाँ सम्मान पाने वाले नहीं, सम्मान देने वाले महान हैं। स्वयं पुष्प में कुछ नहीं है, पुष्प का सौंदर्य उसे देखने वाले की दृष्टि में है।

(i) कविता के मर्मज्ञ कवि से अधिक महान कैसे होते हैं ?

(ii) ''यहाँ पूज्य नहीं, पुजारी ही श्रेष्ठ है''- कथन से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(iii) ''सौंदर्य उसे देखने वाले की दृष्टि में है'' - इस उक्ति से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

किन्हीं दो व्यक्तियों के संबंधों को ठीक-ठीक समझ पाना, पढ़ पाना बहुत कठिन है और पति-पत्नी के संबंध तो ऐसे कोमल धागे के बने होते हैं, इतने नाजुक होते हैं कि एक फूँक, एक इशारे से भी टूट सकते हैं, लेकिन यह तो एक कठोर सच्चाई है कि उन्होंने पति का सुख नहीं जाना, बाल-बच्चों का सुख नहीं जाना, माँ बनने का सुख नहीं जाना।

(i) पति-पत्नी के संबंधों को ठीक-ठीक समझ पाना क्यों कठिन है?

(ii) भाव स्पष्ट कीजिए — 'पति-पत्नी के संबंध कोमल धागे के बने होते हैं।'

(iii) लेखक इस गद्यांश में महादेवीजी के जीवन की किस कठोर सच्चाई की ओर संकेत करता है ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **4+4 = 8**

(क) ''कब्रिस्तान वह जगह है जहाँ सारी पंचायतें खत्म हो जाती हैं।''-'कब्रिस्तान में पंचायत' पाठ में ऐसा क्यों कहा गया है ?

(ख) देशों की आपसी प्रतिद्वंद्विता बढ़ने के क्या कारण हैं? 'मनुष्य का भविष्य' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) मातादीन की कार्य-पद्धति कैसी थी? 'इंसपेक्टर मातादीन चाँद पर' पाठ के आधार पर लिखिए।

**11.** 'रानी लक्ष्मीबाई देशभक्त वीरांगना थी।'- 'स्वराज्य की नींव' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए। **6**

**अथवा**

विधान अपने पिताजी की अपेक्षा चाचा को क्यों अधिक चाहता था? 'पादुका पूजन' पाठ के आधार पर विस्तार से लिखिए।

**12.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1+2+2=5**

मंत्री, गुरु अरु बैद जो, प्रिय बोलहिं भय आस।
राज, धरम, तन तीनि कर, होई बेगहि नास।।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) भय के कारण प्रिय बोलने का क्या परिणाम होता है ?

(iii) वैद्य जब किसी भय के कारण प्रिय बोलने के लिए विवश होता है तो किसका अहित होता है और क्यों ?

**अथवा**

निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है,
शीतल मंद सुगंध पवन हर लेता श्रम है,
षट्ऋतुओं का विविध दृश्य युत अद्भुत क्रम है,
हरियाली का फर्श नहीं मखमल से कम है।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) मातृभूमि की किन विशेषताओं का उल्लेख हुआ है ?

(iii) हरियाली की तुलना कवि ने किससे की है और क्यों ?

**13.** 'अँधेरे का दीपक' **अथवा** 'घूँघरवाली छड़ी' कविता का प्रतिपाद्य 50-60 शब्दों में लिखिए। **4**

**14.** निम्नलिखित काव्यांशों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **4**

जाकर चित अहिगति सम भाई।
अस कुमित्र परिहरेहि भलाई।।

**अथवा**

धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
- यों जलद-यान में विचर-विचर,
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

**15.** 'तोड़ती पत्थर' कविता की मजदूर युवती किस स्थिति में पत्थर तोड़ने का काम कर रही थी? — कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए। **2**

**16.** 'कथालोक' - भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : **2+2+2 = 6**

(क) 'खेल' कहानी में रेत का भाड़ बनाते हुए सुरबाला क्या सोच रही थी ?

(ख) पिताजी की उदासीनता के बारे में 'वारिस' कहानी में लेखक के क्या विचार थे ?

(ग) 'पार नज़र के' विज्ञान-कथा के आधार पर लिखिए कि प्रमुख अखबारों ने 'नासा' का कौन-सा वक्तव्य छापा ?

**17.** (क) हाजी सेठ से टकराने वाला व्यक्ति अपनी किन विशेषताओं के कारण हाजी सेठ को पराजित कर उन्हें अपनी गलती मानने को विवश करता है? 'हत्यारों की वापसी' कहानी के आधार पर लिखिए। **5**

**अथवा**

बेटू को दादी माँ के साथ रहना क्यों अच्छा लगता था? बाद में वह कैसे बदल गया? 'मजबूरी' कहानी के आधार पर लिखिए।

(ख) महेन्द्र वर्मन महाबलिपुरम् में कैसी कलाकृतियाँ बनवाना चाहता था? उसका यह स्वप्न अधूरा ही क्यों रह गया ? **4**